सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-629
23/12/2017

# केन्द्रीय राज्य मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से की मुलाकात

पटना, 23 दिसम्बर 2017 :– केन्द्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय श्री हरदीप सिंह पुरी ने आज 1 अणे मार्ग में मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने श्री हरदीप सिंह पुरी को फुलों का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। 350वें प्रकाश पर्व के शुकराना समारोह के अवसर पर श्री हरदीप सिंह पुरी पटना पधारे हैं। मुलाकात के क्रम में केन्द्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री हरदीप सिंह पुरी ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार को 350वें प्रकाश पर्व के शुकराना समारोह के भव्य आयोजन के लिये धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने केन्द्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय श्री हरदीप सिंह पुरी को प्रतीक चिह्न एवं अंगवस्त्र भेंट किया।

इस अवसर पर बिहार राज्य योजना पर्षद के सदस्य श्री संजय झा, मुख्य सचिव श्री अंजनी कुमार सिंह, पूर्व मुख्य सचिव श्री जी0एस0 कंग, प्रधान सचिव नगर विकास एवं आवास श्री चैतन्य प्रसाद, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह उपस्थित थे।

******